बिहार विधान सभा सचिवालय

पटना-800015

विज्ञापन सं0-01/2016 के संबंध में आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रतिवेदक (द्वितीय श्रेणी) के रिक्त दस पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक-25.07.2016 को "हिन्दुस्तान" एवं "टाइम्स ऑफ इंडिया" समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2016 के क्रम में सूचित किया जाता है कि इस विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों में से मान्य आवेदन पत्रों की संख्या कम होने के कारण उक्त पद पर नियुक्ति हेतु प्रतिस्पर्धा व्यापक करने के लिए वैसे अभ्यर्थी जिनका आवेदन पत्र अमान्य हो गया है, वे पुन: उस विज्ञापन की शर्त्तो के आलोक में विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन प्रपत्र-1 एवं 2 को बिहार विधान सभा के वेबसाईट-www.vidhansabha.bih.nic.in से डाउनलोड कर उसमें आवेदन कर सकते हैं । इच्छुक अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन नहीं दे सकें हैं, वे भी आवेदन दे सकते हैं । जिन अभ्यर्थियों के आवेदन मान्य हुये हैं, उन्हें आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है । उक्त विज्ञापन के आलोक में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों के सम्यक जाँचोपरान्त मान्य एवं अमान्य अभ्यर्थियों की सूची बिहार विधान सभा के वेबसाईट-www.vidhansabha.bih.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है ।

(1) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 05.10.2016 को संध्या 06:00 बजे तक ।

(2) परीक्षा की संशोधित तिथि :- 13.11.2016 - हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा
20.11.2016 -हिन्दी आशुलेखन की जाँच परीक्षा ।

टंकण जाँच परीक्षा में जो अभ्यर्थी सफल होंगे, वैसे अभ्यर्थी ही आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा में भाग लेंगे तथा आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद के शब्दों की शुद्धता के आधार पर ही मेधा सूची तैयार की जायेगी ।

टंकण जाँच परीक्षा के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी का टंकण यंत्र अभ्यर्थी को स्वयं लाना होगा ।

एतद् संबंधी पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2016 इस हद तक संशोधित समझा जाएगा ।

आर0एस0 राय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।